तापमान
40.2⁰ अधिकतम | 24.4⁰ न्यूनतम

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची, बुधवार 29 मई 2024 ● ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 06 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 5 ● वर्ष : 2, अंक : 50

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र




राजधानी का सूरत-ए-हाल

# राजधानी के प्रमुख चौराहों की स्थिति जर्जर



आकर्ष अनिकेत ।रांची

झारखंड की राजधानी रांची में सड़क व नालियों के अलावा चौक-चौराहों की भी स्थिति भी काफी खराब है. शहर के प्रमुख चौक-चौराहे जर्जर स्थिति में हैं. कहीं ईंटें उखड़ी हुई हैं, तो किसी चौक पर लगी टाइल्स टूटी हुई हैं. रांची रेलवे स्टेशन के पास स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा (सिरमटोली) चौक पर लगी टाइल्स पूरी तर तरह से टूट चुकी है और अब ईंटें भी उखड़ने लगी हैं. यहीं हाल डंगराटोली चौक का भी है. चौक पर प्लास्टर उखड़ चुका है. ईंटें भी अलग होने लगी हैं. होटल रेडिसन ब्लू के पास स्थित औवरब्रिज चौक भी जर्जर स्थिति में है.



## बिन बारिश सड़क पर बह रहा नाली का पानी

रांची के डंगराटोली चौक के पास लोगों का चलना दुश्वार हो गया है. सड़क पर पानी ही पानी है. बिन बारिश सड़क पर पानी कहां से आया? इसका जवाब है- नाली से. अक्सर बारिश के समय शहर की नालियों का पानी सड़क पर बहता है, पर डंगराटोली चौक स्थित पैंटालून्स मॉल के सामने बिन बारिश नाली का पानी ओवरफ्लो होकर सड़क पर बह रहा है.



## सड़क के बीचो-बीच मौजूद हैं बिजली के खंभे

अकसर बिजली के खंभे सड़क के किनारे लगाये जाते हैं, पर लालपुर के धोबी घाट में सड़क के बीचो-बीच बिजली का खंभा मौजूद है. धोबी घाट में रहने वाले लोगों ने बताया कि पहले खंभे सड़क के किनारे थे, कुछ साल पहले इलाके में सड़क का निर्माण फिर से किया गया. इसके बाद खंभे को हटा कर सड़क के किनारे करने के बजाय बीच सड़क पर ही खंभे को छोड़ दिया गया.



## ब्रीफ खबरें

### नामकुम में रेलवे ट्रैक के पास शव बरामद

**रांची।** जिले के नामकुम थाना क्षेत्र स्थित रेलवे लाइन के पोल संख्या 413 के पास एक अज्ञात युवक का शव बरामद हुआ है. यह मामला मंगलवार सुबह का है. जानकारी के अनुसार, स्थानीय लोगों ने रेलवे ट्रैक के पास शव को पड़ा देखा था. जिसके बाद इसकी जानकारी पुलिस को दी. सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. घटना को लेकर आशंका जतायी जा रही है कि ट्रेन की चपेट में आने से या फिर चलती ट्रेन से गिरने पर युवक की मौत हुई होगी. खबर लिखे जाने तक युवक की पहचान नहीं हो पायी थी. पुलिस शिनाख्त में जुटी थी.

### राजमहल व दुमका में साय की तीन जनसभा

**रांची।** छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय बुधवार को राजमहल के साहिबगंज जिले के बरहेट में स्थित गोपलाडीह फुटबॉल मैदान में 11 बजे जनसभा को संबोधित करेंगे. कार्यक्रम में भाजपा प्रत्याशी ताला मरांडी भी मौजूद रहेंगे. साय पाकुड़ के अमरापाड़ा स्थित पाडरकला चुड़ुक पुल फुटबॉल मैदान में एक बजे से जनसभा करेंगे.

### पुंदाग रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों का अस्थाई ठहराव

**रांची।** आनंदा नगर (पुंदाग) में आनंद मार्गी धर्म महासम्मेलन होने जा रहा है. रेलवे प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा के मद्देनजर पुंदाग रेलवे स्टेशन पर विभिन्न रूटों से रांची आने वाली 17 ट्रेनों का ठहराव दिया गया है. 29 मई से चार जून तक ये ट्रेनें एक मिनट के लिए पुंदाग रेलवे स्टेशन पर ठहरेंगी.

एयरपोर्ट रोड पौने दो घंटे तक रहा जाम, कई यात्रियों की फ्लाइटें छूटीं

# सरना स्थल तोड़े जाने का भारी विरोध, सड़क जाम

पविशेष संवाददाता।रांची

बिरसा मुंडा एयरपोर्ट स्थित सरना स्थल तोड़े जाने के विरोध में मंगलवार को घंटों जोरदार हंगामा हुआ. सैकड़ों की संख्या में स्थानीय आदिवासी एयरपोर्ट रोड पर पारंपरिक हरवे-हथियार के साथ पहुंच गये और नारेबाजी करते हुए रोड को जाम कर दिया. करीब पौने दो घंटे तक एयरपोर्ट रोड पूरी तरह प्रदर्शनकारियों के कब्जे में रहा.

इस दौरान एयरपोर्ट से आने और जाने वाले यात्रियों को काफी परेशानी हुई. कई यात्रियों की फ्लाइट छूट गयी. सड़क जाम होने की वजह से वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गयीं. स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस बल और मजिस्ट्रेट को बुलाया गया, लेकिन प्रदर्शनकारी नहीं माने.

**प्रशासनिक आदेश से तोड़ा गया था सरना स्थल :** बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर स्टेट हैंगर से सटे सरना स्थल के चबूतरे को रांची सदर एसडीओ के आदेश पर तोड़ा गया था. इसकी सूचना जैसे ही स्थानीय ग्रामीणों को मिली, उस स्थल पर भारी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गयी. आक्रोशित लोग सड़क पर ही बैठ गये और नारेबाजी करने लगे. घटना की सूचना पाकर केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की और कांग्रेस नेता अजय नाथ शाहदेव वहां पहुंचे. इस दौरान ग्रामीणों और प्रशासन के बीच लंबी वार्ता हुई. सरना स्थल चबूतरा बनाये जाने के आश्वासन के बाद ही ग्रामीणों ने जाम हटाया.

## केंद्रीय सरना समिति और अजयनाथ शाहदेव की पहल और सरना स्थल चतूबरा बनाये जाने के आश्वासन के बाद हटा जाम







### नोटिस दिये बिना बुल्डोजर कैसे चला दिया गया : अजय तिर्की

केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की ने कहा कि बिना नोटिस दिये कैसे बुल्डोजर चलाया गया. अधिकारियों को पहले सूचना देनी चाहिए थी. क्योंकि, एयरपोर्ट आदिवासियों की जमीन पर बना है. अजय तिर्की ने एसडीओ, सीओ सहित अन्य अधिकारियों से वार्ता कर सरना स्थल का सुंदरीकरण कराने की अपील की. प्रशासन ने आश्वासन दिया कि चुनाव के बाद सरना स्थल का सुंदरीकरण किया जाएगा.

### सरना स्थल के साथ छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं करेंगे : शिवा कच्छप

केंद्रीय सरना संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष शिवा कच्छप ने कहा कि एयरपोर्ट सरना स्थल पर प्रशासन द्वारा तोड़-फोड़ करना घोर निंदनीय है. किसी भी धर्म-जाति की आस्था के साथ छेड़छाड़ कतई नहीं होना चाहिए. सरना स्थल के साथ छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. समय रहते पुनः सरना स्थल को नहीं बनाया गया, तो जोरदार आंदोलन होगा. सरना स्थल था और आगे भी रहेगा.

# आरोपी के सहयोगी व बार संचालक समेत 14 गये जेल

**एक्सट्रीम बार डीजे बॉय हत्याकांड**

संवाददाता।रांची

चुटिया थाना क्षेत्र के रेडिशन ब्लू होटल के सामने एक्स्ट्रीम बार डीजे बॉय संदीप की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी. यह घटना बीती 26 मई की रात एक बजे हुई थी. इस मामले में रांची पुलिस ने सोमवार को ही मुख्य आरोपी अभिषेक सिंह को गिरफ्तार कर लिया था. दूसरी तरफ मंगलवार को पुलिस ने अभिषेक को रांची से षडयंत्र के तहत भगाने के मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है. वहीं अभिषेक और साथी से मारपीट करने के मामले में पुलिस ने बार संचालक विशाल सिंह समेत नौ लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. पुलिस ने कुल 14 लोगों को मंगलवार को गिरफ्तार करने के बाद जेल भेज दिया.

**इन 14 लोगों को किया गया गिरफ्तार:** अशोक कुमार सिंह, प्रतीक सिंह, अभिषेक सिंह, समीरूद्दीन, मृत्युंजय कुमार, विशाल सिंह, तूसर कांति दास, अजीत कुमार सिंह, शुभम कुमार, समीर अहमद, विशाल साहू, उदय शंकर सिंह, पंकज अग्रवाल व मनीष कुमार.

**क्या है मामला :** 26 मई की रात अभिषेक सिंह, शमीरउद्दीन, आयाम अनवर, प्रतीक, मृत्युंजय यादव और प्रकाश के साथ बार में गया था. इस दौरान बार के बाउंसरों और इनके बीच मारपीट हुई थी. घटना के करीब दो से ढाई घंटे बाद अभिषेक सिंह दोबारा बार में आया और उसने डीजे बॉय संदीप को गोली मार दी. तलाशी के दौरान इसके नाम से असम राज्य से निर्गत दो हथियारों का फर्जी लाइसेंस मिला है.

घटना से पहले का फुटेज आया सामने

## बाउंसर ने अभिषेक को जमकर पीटा था

प्रतिशोध में मारी गोली



चुटिया थाना क्षेत्र में एक्स्ट्रीम बार के डीजे बॉय की हत्या से पहले पूरी वारदात का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है. फुटेज के अनुसार, रविवार रात 10 बजकर 30 मिनट पर बार में गाना बजाने को लेकर विवाद शुरू हुआ था. इसके बाद बार मालिक और स्टाफ ने गुंडागर्दी दिखायी थी. सभी ने मिल कर अभिषेक सिंह और उसके साथियों के साथ मारपीट की थी. बार के कर्मियों ने अभिषेक और उसके साथियों को बार के अंदर तो मारा ही, बाहर निकालने के बाद भी उसकी जमकर पिटाई कर दी.

**अभिषेक ने प्रतिशोध में डीजे बॉय को मार दी गोली :** अभिषेक सिंह उर्फ विक्की अपनी पिटाई के प्रतिशोध में रविवार की देर रात करीब एक बजे हथियार लेकर बार पहुंचा और डीजे संदीप प्रमाणिक के सीने में गोली मार दी. घटना के बारे में अभिषेक के साथियों ने बताया कि स्पोर्ट्स बार में विवाद के बाद उसे जबरन बाहर निकाला गया. विवाद के बाद बार के मालिक, बाउंसर और स्टाफ ने मिल कर अभिषेक और उसके एक साथी को लाठी डंडे से बेरहमी से पीटा था. उसके कपड़े तक फाड़ दिये थे. इसकी वजह से वह काफी गुस्से में था. बार से निकल कर वह हथियार लाने गया. वापस आया, तो सामने डीजे संदीप प्रमाणिक दिखा. संदीप को अभिषेक ने पहचान लिया, क्योंकि झगड़े के दौरान संदीप ने गाना बजाना बंद कर दिया था. ऐसे में अभिषेक ने डीजे संदीप को गोली मार दी.

# हनी ट्रैप के शिकार हुए नेताजी! रांची से दिल्ली तक है चर्चा

संवाददाता।रांची

खबर है कि झारखंड के एक स्थापित राजनेता हनी ट्रैप के शिकार हो गए हैं. बताया जा रहा है कि वह दिल्ली में हनी ट्रैप के शिकार हुए हैं. फिलहाल पूरे मामले को मैनेज करने का खेल चल रहा है. एक तरफ जिस पार्टी के नेता हनी ट्रैप का शिकार हुए हैं, उन्हें आलाकमान से कड़े लहजे में यह हिदायत दी गई है कि मामला पब्लिक में न आए. क्योंकि इससे उनके साथ-साथ पार्टी की भी जबरदस्त फजीहत होगी.



वहीं दूसरे राजनीतिक दल के लोग दिल्ली से लेकर रांची तक एक क्लिप या फोटो की जुगाड़ में लग गए हैं, ताकि मामले को और हवा दी जा सके. सोशल मीडिया के जरिये जो जानकारी कानो कान पहुंची है. उसके मुताबिक, युवती ने राजनेता को फोटो और वीडियो दिखा कर इतना टेंशन दे दिया है कि उनका बीपी और शुगर काफी बढ़ गया है. टेंशन से फिलहाल फौरी राहत के लिए और युवती का मुंह बंद रखने के लिए कुछ इंतजाम किए गए हैं. यह कितने वक्त तक असर करेगा, यह कहना मुश्किल है. बहरहाल इस चर्चा के बाद रांची के पत्रकार, बड़े अधिकारी और सभी राजनीतिक दलों के लोग एक सुराग की तलाश में लगे हुए हैं.

## जेपी नड्डा की सारठ में जनसभा व रोड शो आज

**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा बुधवार को सारठ के पालाजोरी के खागा बड़जोरी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के समीप स्थित मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे. सभा दिन के 12:30 बजे आयोजित है. इसके साथ ही नड्डा दिन के 2.55 बजे से देवघर जिले के त्रिलोक परिसर से वीर कुंवर सिंह चौक तक रोड शो भी करेंगे.

**लोग बेहाल :** मई महीने में झारखंड ने बनाया गर्मी का नया रिकॉर्ड

# पलामू का पारा पहुंचा $47^0$ के पार

### सूर्य की तपिश

- 1978 के बाद पहली बार ऐसा तप रहा इलाका
- 28 घंटे में अचानक बढ़ गया आठ डिग्री सेल्सियस पारा

शुभम किशोर।रांची

झारखंड में भीषण गर्मी से लोगों को सता रही है. दिन में सड़कों पर वीरानगी छा गई है. लोग भीषण गर्मी से बेहाल हैं. पशु-पक्षियों की हालत बेहद खराब है. पिछले 24 घंटे में अधिकतम तापमान में 8 डिग्री तक वृद्धि दर्ज कि गई. मौसम विभाग के अनुसार गर्मी ने झारखंड में मई महीने का रिकॉर्ड तोड़ दिया है.

28 मई को पलामू (डाल्टनगंज) का तापमान 47.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है, जो मई महीने में डाल्टनगंज के लिए इस दशक का सर्वाधिक अधिकतम तापमान है. इससे पहले मई महीने में अधिकतम तापमान का रिकॉर्ड 47.8 डिग्री का है, जो 6 मई 1978 को दर्ज किया गया था. वहीं गढ़वा में 47.2, चाईबासा में 43.3 राजधानी रांची में रांची में 40.2 डिग्री अधिकतम तापमान दर्ज किया गया. पिछले 24 घंटे में राज्य में कहीं-कहीं पर आंधी के साथ हल्के दर्जे की वर्षा हुई. सबसे अधिक वर्षा 6.5 एमएम पाकुड़ में दर्ज की गयी.

**अभी और सताएगी गर्मी :** मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को राज्य के गढ़वा, पलामू एवं चतरा जिलों में कहीं-कहीं पर भीषण लू चलने की संभावना है. वहीं 30 मई को राज्य के पश्चिमी, दक्षिणी एवं निकटवर्ती मध्य भागों में कुछ स्थानों पर लू की स्थिति बनी रहेगी. 31 मई को राज्य के उत्तर-पश्चिमी भागो में कहीं-कहीं लू चलने की संभावना है. इस भीषण गर्मी में पूरी सावधानी बरतें.



### 31 मई को कई क्षेत्रों में बारिश की संभावना

31 मई को राज्य के उत्तर-पूर्वी भागों में कहीं-कहीं पर हल्के दर्जे की वर्षा होने के आसार हैं. इस दौरान पूर्वी भागों में कहीं-कहीं पर गर्जन और तेज़ हवाओं का झोंका (गति 30-40 किमी) के साथ वज्रपात हो सकता है. वहीं 1 जून को राज्य के पूर्वी भागों में कहीं-कहीं पर हल्के दर्जे की वर्षा होने की संभावना है.

### शहर का तापमान

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 40.2 | 24.4 |
| जमशेदपुर | 37.6 | 26.8 |
| डाल्टनगंज | 47.5 | 28.9 |
| बोकारो | 40.3 | 26.2 |
| चाईबासा | 43.3 | 27.0 |
| देवघर | 40.8 | 25.6 |
| गिरिडीह | 40.4 | 23.9 |
| गढ़वा | 47.2 | 30.0 |
| सरायकेला | 42.2 | 26.5 |
| गोड्डा | 37.2 | 26.1 |

# लोकल फॉल्ट के नाम पर पावर कट से लोगों की परेशानी बढ़ी

संवाददाता।रांची

गर्मी बढ़ने के साथ ही पावर कट की समस्या बढ़ गई है. भीषण और उमस भरी गर्मी में लोग अनचाहे पावर कट से परेशान हो रहे हैं. गर्मी में छोटे-छोटे लोकल फॉल्ट के मामले भी बढ़ते जा रहे हैं. इसके कारण कई क्षेत्रों में पावर कट की समस्या उत्पन्न हो रही है. ट्रांसफार्मर का लोड बढ़ने से दो दिनों से हरमू स्थित विद्यानगर के लोग बाधित बिजली आपूर्ति से परेशान हैं. सोमवार सुबह और मंगलवार रात को भी करीब 10 हजार आबादी को बाधित बिजली आपूर्ति से रूबरू होना पड़ा. बाधित बिजली के कारण लोग गर्मी से बेहाल हो गए हैं.

रांची सेंट्रल डिवीजन के सहायक विद्युत अभियंता ने जानकारी दी कि सोमवार सुबह लोड बढ़ने के कारण ट्रांसफार्मर का एमसीवी गिर गया था. शिकायत दर्ज होने पर सुबह आठ बजे इसे दुरुस्त किया गया. इसके बाद शाम में दोबारा ट्रांसफार्मर में खराबी आ गई. इसे फिर से दुरुस्त किया गया. इसी क्रम में लोड ज्यादा होने के कारण हरमू सब स्टेशन का 33 केवी लाइन का जंपर कट गया. इसकी मरम्मत को लेकर एक घंटे बिजली आपूर्ति बंद की गई.



▪ ट्रांसफार्मर का लोड बढ़ने से दो दिनों से बाधित बिजली आपूर्ति से परेशान हैं हरमू के विद्यानगर में रहनेवाले लोग

इसके बाद टेलीफोन एक्सचेंज लाइन का जंपर कट गया. इसकी मरम्मत के लिए लगातार दो बार लाइन काटनी पड़ी. इससे बड़ी आबादी को बाधित बिजली से रूबरू होना पड़ा और लोग गर्मी से बेहाल रहे. जंपर कटने से अपर बाजार, पुरानी रांची, बड़ा तालाब, हिंदपीढ़ी, हरमू सहित आसपास के इलाके प्रभावित रहे.

## ब्रीफ खबरें

### मानस पाठ कर भक्तों ने अर्पित की श्रद्धा

रांची। राधाकृष्ण मंदिर, कृष्णा नगर कॉलोनी में मंगलवार को श्रद्धालुओं ने सस्वर श्रीरामचरित मानस पाठ कर भक्ति की धारा बहायी. शाम चार बजे पूजा-अर्चना कर ज्योत प्रज्वलित की गयी. इसके बाद पाठ प्रारंभ हुआ. ढोल और करताल की ताल पर मानस पाठ से वातावरण गूंज उठा. रामचंद्र तलेजा ने पाठ कर भक्ति की धारा प्रवाहित की तो चंद्रभान तलेजा श्रद्धालुओं को भावार्थ समझाते रहे. अरुण कुमार जसूजा बंटा ने बताया कि पाठ सात जून तक चलेगा. समापन के मौके पर भजन-संकीर्तन के साथ वृहत रूप में भंडारा चलाया जायेगा.

### एजी झारखंड ने प्रभात तारा स्कूल को हराया

रांची। हॉकी झारखंड के सहयोग से हॉकी रांची द्वारा आयोजित हॉकी रांची लीग में गुरुवार को पुरुष वर्ग में एजी झारखंड की टीम ने जीत दर्ज की. लीग स्टेज के आखिरी मुकाबले में एजी झारखंड ने प्रभात तारा धुर्वा को 5-1 से हराया. एजी झारखंड की ओर से राकेश बर्मन और मसीह डांग ने दो-दो व शीतल तिर्की ने एक गोल दागा. वहीं प्रभात तारा स्कूल से एकमात्र गोल सिलास भेंगरा ने दागा. आयोजन को सफल बनाने में हॉकी रांची के माइकल लाल, जयंत केरकेट्टा, असरिता लकड़ा, मनोज प्रधान समेत अन्य लोग शामिल थे.

### सनराइजर्स ने वॉरियर्स को एक विकेट से हराया

रांची । धुर्वा स्थित शाखा मैदान में रॉकमैन प्रीमियर लीग (आरपीएल) में मंगलवार को रोमांचक मुकाबले में सनराइजर्स ने वॉरियर्स को एक विकेट से हराया. पहले बल्लेबाजी करते हुए सनराइजर्स ने 115 रन बनाए. सुमंत ने टीम के लिए सर्वाधिक 32 व आशीष ने 20 रन बनाए. वॉरियर्स के रौशन व गौरव ने तीन-तीन विकेट चटकाए. लक्ष्य का पीछा करने उतरी वॉरियर्स की टीम 20 ओवर में 114 रन ही बना सकी. टीम के लिए रोहित ने 28 व दिनेश ने 24 रन बनाए. सनराईजर्स के अविनाश ने दो और रौनक व आशीष ने एक-एक विकेट लिए. वॉरियर्स के रौशन को शानदार गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया.

### मप्र के मुख्यमंत्री आज राजमहल व दुमका में

रांची। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव 29 मई को राजमहल लोकसभा में जनसभा को संबोधित करेंगे. जनसभा का आयोजन साहिबगंज जिला के राजमहल के बालू प्लांट में 11:00 से किया जाएगा. इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी राकेश प्रसाद तथा प्रत्याशी ताला मरांडी भी मौजूद रहेंगे. मोहन यादव दुमका लोकसभा में 1:00 बजे से जनसभा को संबोधित करेंगे. जनसभा का आयोजन दुमका जिले के चोरकट्टा (केसबनी) स्थित जनजातीय उच्च विद्यालय में किया गया है. इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी राज पलिवार तथा प्रत्याशी सीता सोरेन भी मौजूद रहेंगे.

### जिला बदर अपराधी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

रांची। जिला बदर हुआ अपराधी रांची में घूम रहा था. जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया. खैरुद्दीन अंसारी को विधानसभा के पास से रांची पुलिस ने गिरफ्तार किया है. गौरतलब है कि बीते 19 मई को रांची डीसी ने खैरुद्दीन अंसारी समेत पांच अपराधियों को जिला बदर किया था. इसके बाद भी खैरुद्दीन पुलिस से छिप कर रांची में घूम रहा था.

# जल्द मिलेगी जाम से राहत, अगस्त तक कांटाटोली फ्लाईओवर बनने की संभावना

संवाददाता। रांची


कांटाटोली फ्लाईओवर

राजधानी में बन रहे कांटाटोली फ्लाईओवर का काम लगभग पूरा हो चुका है. अनुमान लगाया जा रहा है कि फ्लाईओवर का काम अगस्त तक पूरा हो जाएगा, जिससे लोगों को जाम के झाम से राहत मिलेगी. कोकर से लेकर योगदा मठ तक 2100 मीटर के फ्लाईओवर का काम लगभग 75 प्रतिशत पूरा हो चुका है. कोकर से बहुबजार तक फ्लाईओवर में रैंप लगाये जा चुके है. अब बहुबाजार से योगदा मठ तक रैंप लगाने का काम बचा हुआ है. रैंप के साथ-साथ रेलिंग का काम भी बचा हुआ है. कार्य की प्रगति को देखते हुए अनुमान लगाया जा रहा है कि फ्लाईओवर का पूरा काम अगस्त तक पूरा कर लिया जाएगा. इससे राजधानी को जाम की समस्या से काफी निजात मिल जाएगी.

# सिरमटोली-मेकन फ्लाईओवर का काम भी अगस्त तक पूरा हो जाने का अनुमान

संवाददाता। रांची


सिरमटोली-मेकन फ्लाईओवर

सिरमटोली-मेकन फ्लाईओवर का काम अगस्त तक पूरा होने का अनुमान है. अब तक लगभग 65 प्रतिशत काम पूरा चुका है. निवारणपुर से पटेल चौक तक केबल स्टे ब्रिज का निर्माण लटका हुआ है, जो रांची रेलवे क्रासिंग के ऊपर होगा. रेलवे लाइन के ऊपर केबल स्टे ब्रिज बनाने में अड़चन आ गयी है. रेलवे की ओर से कुछ आपत्तियां पथ निर्माण विभाग को भेजी गयी हैं. जिसका समाधान अभी नहीं निकाला है. सिरमटोली-मेकन फ्लाईओवर का दोनों ओर का रैंप लगभग तैयार है. नेपाल हाउस की ओर जाने वाले रास्ते में भी रैंप तैयार है. वहीं मेकॉन और नेपाल हाउस की ओर से चढ़ने के लिए रैंप बनना है. ओवरब्रिज पर करीब 300 मीटर आगे तक केबल स्टे का काम करना बाकी है.

## झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने नरेंद्र मोदी के आरोपों पर किया पलटवार, कहा

# पीएम को अपना हिमालय से बड़ा भ्रष्टाचार का पहाड़ नहीं दिख रहा

विशेष संवाददाता। रांची/दुमका

झामुमो महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने मंगलवार को दुमका में प्रेस कांफ्रेंस करके पीएम नरेंद्र मोदी के आरोपों का एक-एक करके जवाब दिया है. उन्होंने कहा कि मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुमका आए थे. उनका फोकस भ्रष्टाचार पर रहा. उन्होंने कहा कि यहां पर पहाड़ हैं बहुत अच्छे-अच्छे. मगर झारखंड जाना जाने लगा नोटों के पहाड़ से. मोदी जी आप जहां रहते हैं दिल्ली में. वहां से कश्मीर बहुत अधिक दूर नहीं है. वहां हिमालय है. हिमालय के आकार का भ्रष्टाचार आपका खुद का अपना है. आपने उसे नहीं देखा.

16 लाख करोड़ रुपए आपने उद्योगपतियों को दे दिया. उसमें आपको भ्रष्टाचार नहीं दिखा. आपने कहा कि 17 हजार करोड़ रुपए का आपने उद्योगपतियों का कर्ज माफ कर दिया, वह भ्रष्टाचार आपको नहीं दिखता है. करोड़ों की हेरा-फेरी करने वाले अजित पवार को आपने अपने साथ ले आये.

उपमुख्यमंत्री बनाया, वह भी भ्रष्टाचार आपको नहीं दिखता. 800 करोड़ के घोटाले का आरोप छगन भुजबल पर है, यह आपकी ईडी ने ही लगाया है. छापा मारा गिरफ्तार किया. ये भी मोदी जी ने नहीं बताया. आपने बहुत कुछ लुटने की बात की, लेकिन इन बातों की तरफ कभी नहीं इशारा करते.

**सेना जमीन घोटाले के आरोपी को वित्त मंत्री से मिलवाते हैं बाबूलाल :** सुप्रियो ने कहा कि मोदी जी ने सेना की जमीन लूटने का भी आरोप लगाया. मोदी जी को मालूम होना चाहिए कि सेना की जमीन के आरोपी को उनकी ईडी ने गिरफ्तार किया. छह महीने जेल में रखने के बाद भारत की वित्त मंत्री से मिले और मिलवाने का काम प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल जी ने किया. मरांडी की मौजदूगी में कुछ दस्तावेज भी सौंपा गया. यह मोदी जी ने नहीं देखा. मणिपुर की तस्वीरें मोदी को नहीं दिखीं. वो बच्चियां (महिला पहलवान) मोदी को नहीं दिखीं, जो बृजभूषण के खिलाफ धरना दे रही थीं.



### टीडीपी के साथ ज्वाइंट घोषणा पत्र में भाजपा ने मुस्लिमों को आरक्षण का वादा किया है

सुप्रियो ने कहा कि मोदी जी आपको याद है तेलुगुदेशम नाम की एक पार्टी है, जिसने आपके साथ आंध्र प्रदेश में गठबंधन किया है. साझा घोषणा पत्र है. उसमें आपने कहा है कि चार प्रतिशत आरक्षण मुसलमानों का होगा. आपने कहा कि हर महीने मस्जिद के रखरखाव के लिए हम पांच हजार रुपए देंगे. यहां आकर धर्म की बात पर आरक्षण नहीं होने दूंगा का दावा करते हैं आप. आंध्र प्रदेश देश का अलग हिस्सा है क्या. मोदी को बताना होगा कि 2014 के पहले जब गुजरात के सीएम थे, तो 2004 में गुजरात में मुसलमानों को आरक्षण दिया जो आज भी जारी है. किसको आकर बरगला रहे हैं. आपके मुंह से क्या-क्या निकल रहा है. हर दिन मुसमलानों को लेकर आपका बयान बदल रहा है.

### मार्च 2022 के बाद पीएम आवास योजना क्यों बंद कर दी मोदी जी

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि मार्च 2022 के बाद आपने पीएम आवास योजना झारखंड का क्यों बंद कर दी. जिसके कारण हमें अबुआ आवास योजना देनी पड़ रही है. हम तीन लाख का मकान और मनरेगा का रोजगार देने का काम कर रहे हैं. आपने कहा कि आप आरक्षण खत्म नहीं करेंगे. तो फिर आऊटसोर्स बहाली क्यों हो रही है. बड़ी सार्वजनिक कंपनी या तो बंद की जा रही हैं या फिर उन्हें बेच दिया जा रहा है. क्यों नहीं सरकारी नौकरी की बात कर रहे हैं. 2019 में सेना-सेना कर कह रहे थे. तो फिर अग्निवीर क्यों लाए.

### सीता पर कहा, भाभी जी अभी नाराज हैं, जो गए हैं, वो आए भी हैं

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि दुर्गा दा हमारे प्रिय नेता रहे हैं. उनकी आकाल मृत्यु के बाद पूरा परिवार और पार्टी उनके परिवार के साथ मजबूती के साथ खड़ी रही. जामा विधायक सीता सोरेन ने अभी तक विधानसभा अध्यक्ष को जाकर अपना इस्तीफा नहीं दिया है. जब कोई चीजें आपको सूट नहीं करती हैं, तो वह विरोध में हो जाता है. सीता जी हमारी भाभी थीं और हमेशा रहेंगी. पूरा संथाल जानता है कि लोग गए हैं, तो आए भी हैं. अभी भाभी गुस्से में हैं. भाजपा को दुमका से टिकट के लिए आदमी नहीं मिल रहा था. इसलिए तो वो सीता सोरेन को ले आए.

### गुरुजी व्यक्ति नहीं संस्था हैं, झामुमो में हर कोई स्टार प्रचारक

उन्होंने कहा कि माहौल बहुत सार्थक है कि अबकी बार संथाल से तड़ीपार. दुमका के लिए गुरुजी के संदेश से बड़ा कोई स्टार प्रचारक और नहीं. गुरुजी और हेमंत जी के संघर्ष से ही कोई स्टार प्रचारक बन सकता है. गुरुजी अपने आप में एक संस्था हैं, उनके ऊपर पार्टी में कोई नहीं है. यह चुनाव गुरुजी के कर्म क्षेत्र, हेमंत जी के कर्म क्षेत्र में चल रहा है. उसमें हरके वोटर स्टार प्रचारक है. कोई जननेता अगर चहारदिवारी के बीच है, तो दुख तो होगा ही. अब तो भाजपा और बाबूलाल को गली-मुहल्ले में चुनाव प्रचार करना पड़ रहा है. अब ये लोग केवल रोड शो करेंगे.

### भारतीय जनता पार्टी तय करती है किसे ईडी का सम्मन जाएगा

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि अब भाजपा तय करती है कि किसे ईडी का सम्मन जाएगा. एक ईडी के पूर्व अफसर निशिकांत का प्रचार कर रहे हैं, वह भी यूपी से आकर. पीएम को मालूम है कि पार्लियामेंट से सिक्योरटी को हटा दिया गया है. उनको डर है कि चार जून के बाद कहीं दुबारा दिल्ली में कैपिटोल हिल न बन जाए. कहीं उन्हें यह न सुनना पड़े कि सिहांसन खाली करो. अब तो कभी इनकम टैक्स में आग लग रही है. कभी वित्त विभाग में आग लगाई जा रही है. कभी गृह मंत्रालय में आग लग जा रही है. इनके सारे भ्रष्टाचारी चार जून के बाद तिहाड़ जाने के लिए तैयार हो जाएं.

### जब-जब झामुमो पर हमला हुआ, हमने फाइट बैक किया

जब-जब झामुमो पर हमला हुआ है, पार्टी ने उतनी ही तेजी से फाइट बैक किया है. दो फरवरी ऐतिहासिक रही. हमारी यह ताकत है जितना हमला हम पर होता है, हम यूनाइट होते हैं. यही तो मोदी जी भूल कर दिए, सोचा कि हेमंत सोरेन को जेल भेज दो, पार्टी खत्म. मगर क्या पार्टी खत्म हुई क्या. आज मोदी जी में हिम्मत नहीं है कि हेमंत सोरेन का नाम लें. पिछली बार मोदी जी घूम घूम कर हेमंत सोरेन का नाम लेते रहते थे. इसलिए वे इस बार हेमंत सोरेन का नाम नहीं ले रहे हैं.

**प्लांट हमारे घर में, बिजली बांग्लादेश को, यह कौन-सी घुसपैठ है मोदी जी**

सुप्रियो ने कहा कि आपने गोड्डा का जमीन अडानी को दी. जमीन हमारी, जल हमारा, खनिज हमारा, मगर बिजली बांग्लादेश को. मोदी जी यह बता दें कि यह कौन सी घुसपैठ है. झारखंड की बिजली बांग्लादेश को जा रही है. क्या यह घुसपैठ नहीं है.

## लोकसभा चुनाव अंतिम पड़ाव पर

# झारखंड के बीजेपी और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष की प्रतिष्ठा दांव पर

प्रमुख संवाददाता। रांची

झारखंड में लोकसभा का चुनाव अब अंतिम पड़ाव पर है. एक जून को संताल की तीन सीट गोड्डा, राजमहल और दुमका में वोटिंग होनी है. झारखंड की 11 लोकसभा सीटों पर चुनाव संपन्न हो चुका है. सभी दलों के नेता चुनाव परिणामों को लेकर अपना-अपना फॉर्मूला बता भी रहे हैं. दिन भर जोड़-घटाव का दौर चल रहा है. बहरहाल चार जून को परिणाम आने के बाद ही पता चल पाएगा कि किस दल के नेता फॉर्मूला सटीक रहा.

**बाबूलाल और राजेश ठाकुर के लिए अग्निपरीक्षा :** फिलहाल यह लोकसभा चुनाव कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर और बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के लिए अग्निपरीक्षा से कम नहीं है. किसी के पक्ष में नतीजा नहीं आया, तो सारा ठीकरा इन दोनों दलों के प्रदेश अध्यक्ष पर ही फूटेगा. इसकी वजह यह है कि खेल में हार जीत की जिम्मेवारी कप्तान की ही होती है. हांलाकि दोनों दलों के प्रदेश अध्यक्ष अपनी-अपनी जीत का दावा कर रहे हैं.

### बाबूलाल मरांडी और राजेश ठाकुर पर है अलग-अलग दबाव

बाबूलाल मरांडी पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष की तुलना में दबाब अधिक है. इसकी वजह यह है कि 2019 के लोकसभा चुनाव में एनडीए ने 14 में से 12 सीटों पर जीत हासिल की थी. ऐसे में बाबूलाल को इस चुनाव में खुद को भी साबित करना होगा कि वे जिस भरोसे के साथ बीजेपी में आए थे, वह खरे उतरे हैं. हालांकि बाबूलाल के लिए अब परफेक्ट 14 का लक्ष्य पाना आसान नहीं है. ऐसे में अगर एनडीए की सीट घटी, तो इसका सारा ठीकरा बाबूलाल मरांडी के सिर ही फूटेगा. वहीं कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर और सीएम चंपाई सोरेन के लिए राहत की बात सिर्फ इतनी है कि 2019 लोकसभा चुनाव में कांग्रेस-झामुमो को सिर्फ एक-एक सीट ही मिली थी. ऐसे में इन पर दवाब थोड़ा कम है. अगर गठबंधन को सीटें अधिक मिली, तो इनको वाहवाही मिलेगी.

# सीसीएल का वालीबॉल और क्रिकेट ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर शुरू

संवाददाता। रांची



वालीबॉल और क्रिकेट का 14 दिवसीय ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ मंगलवार को गांधीनगर क्रीडांगन में किया गया. सीसीएल के तत्वावधान में आयोजित शिविर का उद्घाटन डीएवी गांधी नगर के प्रचार्य एसके सिन्हा ने किया. प्रशिक्षण शिविर में 6 से 16 वर्ष के कुल 175 बच्चें भाग ले रहे हैं. वालीबॉल प्रशिक्षण शिविर में 48 लड़कियां एवं 42 लड़के, जबकि क्रिकेट में 9 लड़कियां और 76 लड़के हिस्सा ले रहे हैं. शिविर का समापन 10 जून को होगा. एसके सिन्हा ने बच्चों को खेलकूद में भाग लेने और दिनचर्या में खेल के मैदान को शामिल करने के लिए प्रोत्साहित किया. वालीबॉल का प्रशिक्षण शिविर निशिकांत पाठक लेवल 2 कोच, उत्तम राज, सतीश ओरांव, रवि मंडल एवं मोहित राज मर्मीज की देखरेख में किया जा रहा है. वहीं क्रिकेट का प्रशिक्षण शिविर कोल इंडिया और सीसीएल के खिलाड़ियों रणधीर, जीशान नवाज, आनंद, रवी प्रधान, लालन सिंह और धनंजय सेंद्रिया की देखरेख में किया जा रहा है.

## राजमहल : झामुमो से निष्कासित लोबिन हेंब्रम ने कहा

# हांसदा झारखंडी ही नहीं, मैं गुरुजी के दिल में हूं

विशेष संवाददाता। रांची



- कहा-झामुमो में नहीं रहा, मगर गुरुजी के दिल में हैं हम, मुझे मिल गया है आशीर्वाद
- विजय हांसदा मंच पर क्यों नहीं आ रहे हैं, मुंह छिपाते क्यों फिर रहे हैं
- चुनाव में जेल का ताला टूटेगा, झारखंड झुकेगा नहीं..कहने की क्या जरूरत है

झामुमो से छह वर्ष के लिए निष्कासित राजमहल से निर्दलीय प्रत्याशी लोबिन हेंब्रम ने कहा कि कोई हमें वोट कटवा तो कोई पॉकेटमार कह रहा है. मगर मैं न तो वोटकटवा हूं और न ही पॉकेटमार. हम जी-हुजूरी करने वाले नेता नहीं हैं. हां में हां और ना में ना मिलाने वाले नेता भी नहीं हैं. हां ठीक है कि अब मैं झामुमो में नहीं हूं, मुझे निकाल दिया गया है, मगर मैं गुरुजी के दिल में तो हूं ही. उक्त बातें लोबिन ने एक मीडिया से बातचीत में कही.

कहा कि विजय हांसदा तो झारखंडी है ही नहीं. मैंने कोई माहौल नहीं बनाया चुनाव लड़ने के लिए. मैंने तो सदन से लेकर सड़क तक बस यही कहा कि आपलोगों ने क्या-क्या वादा किया था. क्या वादा निभाया. जो वादा किया है निभाना पड़ेगा. क्या यह कहना गुनाह है क्या. मेरे सामने क्यों नहीं आ रहा है विजय हांसदा. वह कहीं नजर नहीं आ रहा है. कल्पना सोरेन अभी आ रही हैं, तो वे मंच पर क्यों नहीं आ रहे हैं. क्यों भागे-भागे फिर रहे हैं. हमने तो दिखा दिया है कि मैं गुरुजी का शिष्य हूं. 1995 में मुझे टिकट नहीं दिया गया. मैं निर्दलीय चुनाव लड़ा और साढ़े दस हजार वोट से चुनाव जीता. गुरुजी ने मुझे आशीर्वाद दे दिया.

लोबिन ने कहा कि चुनाव के समय जेल का ताला टूटेगा... कहने की क्या जरूरत है. विजय हांसदा क्यों मंच पर नहीं आ रहे हैं. झारखंड तो उसी दिन झुक गया जिस दिन झारखंड के सारे विधायकों को लेकर बाहर चले गये. इसलिए झारखंड झुकेगा नहीं, यह कहने की क्या जरूरत है. चार जून को रिजल्ट ही बता देगा कि कौन जीत रहा है.

### बार के डीजे की हत्या ने जेसिका लाल मर्डर की याद ताजा कर दीः प्रतुल

रांची। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि बीच राजधानी के एक पॉश इलाके में स्थित बार में डीजे की गोली मारकर हत्या कर दी जाती है. बेखौफ अपराधी उस बार के शीशे को भी गोली से छलनी कर देते हैं. इस गोली कांड ने दिल्ली के बहुचर्चित जेसिका लाल हत्याकांड की याद दिला दी. पूरी राजधानी दहशत में है. सरकार का इकबाल कहां है? अपराधियों के मन में कानून का खौफ कहां है?अभी तो पुलिस हाई अलर्ट में है. मॉडल कोड आफ कंडक्ट लगा हुआ है और राजधानी रांची में ऐसी घटना को अंजाम देकर अपराधी बड़े आराम से चले जाते हैं. प्रतुल ने एक्स पर लिखा कि रिकॉर्ड समय में रांची पुलिस के द्वारा इस घटना का उद्भेन और हत्यारे की गिरफ्तारी का स्वागत है.

## सेठ ने किया नशा व अपराध के विरोध में जन आंदोलन का ऐलान

# रांची को अपराधियों का अड्डा नहीं बनने देंगे

संवाददाता। रांची

रांची के सांसद संजय सेठ ने मंगलवार को एक प्रेस कांफ्रेंस करके कहा कि रांची शहर को नशे व अपराधियों का अड्डा नहीं बनने देंगे. उन्होंने ऐलान किया कि चार जुलाई के बाद नशे के कारोबार के खिलाफ जन आंदोलन शुरु करेंगे. पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि रांची शहर नशा और अपराध की राजधानी बन गई है, रांची में रोज आपराधिक घटनाएं हो रही हैं, हमारे बच्चे नशे के शिकार हो रहे हैं. दो साल पहले मैंने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं डीजीपी सहित संबंधित अधिकारियों को चेताया था कि रांची में नशे का कारोबार बढ़ रहा है. इस पर अभिलंब रोक लगनी चाहिए. लेकिन सरकार व प्रशासन दोनों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया, नतीजा आज पूरा शहर नशे के गिरफ्त में है, रांची के सभी थाना क्षेत्र में स्कूल, कॉलेज, कोचिंग सेंटर के सामने ड्रग्स व नशे का अवैध कारोबार हो रहा है. पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है.

### साजिश कर लाखों मतदाताओं को वोट देने से रोका गया



सांसद सेठ ने आगे कहा कि 25 तारीख को रांची लोकसभा के चुनाव में वोटर लिस्ट में बहुत गड़बड़ियां पाई गई. शहर के अधिकांश बूथ पर कई लोगों के नाम नहीं थे. बूथ लिस्ट में कई नाम के आगे डीलिट लिखा हुआ था. इस तरह के खेल से लाखों लोग वोट देने से वंचित रह गए, भाजपा लीगल सेल के सुधीर श्रीवास्तव ने बताया यह सिर्फ रांची ही नहीं पूरे झारखंड में इस तरह का षड्यंत्र रचा गया है. सारे तथ्य को जुटा कर इसकी शिकायत निर्वाचन आयोग दिल्ली व झारखंड को कर दी गई है और इसकी जांच की भी मांग की गई है. वैसे बीएलओ जो इस तरह के साजिश या लापरवाही में शामिल है उन पर कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है. प्रेस वार्ता में सांसद प्रतिनिधि संजय पोद्दार शामिल थे.

## बड़ी राहत | राज्य के 35 हजार स्कूलों के लिए कुल 12455.90 लाख की राशि जारी

# नए वित्तीय वर्ष के लिए विद्यालय विकास अनुदान आवंटित

संवाददाता। रांची

राज्य के 35 हजार से अधिक (35,073) स्कूलों को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए विद्यालय विकास अनुदान की राशि आवंटित कर दी गयी है. इस संबंध में झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद (जेईपीसी) के राज्य परियोजना निदेशक आदित्य रंजन ने सभी जिलों के जिला शिक्षा पदाधिकारियों और संबंधित पदाधिकारियों को सूचना जारी कर दी है. कुल 12455.90 लाख रुपए की इस राशि का लाभ सभी 24 जिलों के प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों (सभी सरकारी) को मिलना है. इस राशि में से प्राथमिक स्कूलों (32626) के लिए 10722.95 रुपए जबकि 2447 माध्यमिक स्कूलों के लिए 1732.95 रुपए तय किये गये हैं. जिलावार आवंटित राशि की स्वीकृति के संबंध में प्रबंध पोर्टल के माध्यम से भी जानकारी ली जा सकती है.जेईपीसी की ओर से विद्यालय विकास अनुदान राशि के संबंध में कुछ जरूरी दिशा-निर्देश भी जारी किए गये हैं. इसमें कहा गया है कि अनुदान का राशि में से न्यूनतम 10 प्रतिशत राशि स्कूलों में स्वच्छता पर व्यय किया जाएगा. इसके तहत शौचालयों की मरम्मति, रख-रखाव, साफ-सफाई और पेयजल की व्यवस्था, रख-रखाव किया जाएगा. जरूरत पड़ने पर 10 फीसदी से



अधिक राशि भी खर्च की जा सकती है. स्कूल भवन की छोटी-छोटी मरम्मत, रंग-रोगन, पेंटिंग का कार्य, ब्लैक बोर्ड, बेंच-डेस्क, टेबल, कुर्सी का रख-रखाव एवं मरम्मति का कार्य, विभिन्न प्रकार के रजिस्टर, चॉक-डस्टर एवं अन्य सामग्रियों की खरीद भी की जा सकती है.

लैब के रख-रखाव और इसके लिए जरूरी सामग्रियों का क्रय, लाइब्रेरी के लिए न्यूज पेपर की खरीद,खेल सामग्री का रख-रखाव जैसे काम भी इनमें हैं. स्कूल के बाल संसद का विवरण, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों का नाम और फोटो, स्कूल के हाउस का विवरण का दीवार पर प्रदर्शन, नोटिस बोर्ड, हेल्थ कैंप का आयोजन सहित दूसरे जरूरी कार्य भी इस राशि से किये जा सकते हैं.

जेईपीसी की ओर से कहा गया है कि स्कूलों में हैंडवॉश फैसिलिटी, अतिरिक्त शौचालय, खेल मैदान का समतलीकरण, पेयजल एवं अन्य कार्यों की सुविधा के लिए स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि (मुखिया वगैरह) से समन्वय स्थापित करते हुए प्रखंड मुख्यालय को प्रस्ताव भेजे जा सकते हैं. जेईपीसी ने इस बात को भी उठाया है कि राज्य स्तरीय टीम ने पिछले दिनों विभिन्न जिलों में स्कूलों का भ्रमण किया था. इस दौरान देखा गया था कि पूर्व वर्ष में विद्यालय विकास अनुदान की राशि का समुचित उपयोग उपयोगी कार्यों में नहीं किया गया. शत-प्रतिशत राशि का उपयोग करने में भी कई स्कूल पीछे रहे. कुछ स्कूलों ने यह राशि नहीं मिलने की भी शिकायत की. इससे ऐसा लगता है कि राशि के उपयोग की वर्तमान व्यवस्था की जानकारी कई स्कूलों के हेडमास्टर को नहीं है. इसकी सूचना इस बार सभी हेडमास्टर को भेजी जाए. जिन स्कूलों में पूर्व में मिली राशि का समुचित उपयोग नहीं किया गया है, उनका विशेष अंकेक्षण किया जाएगा. साथ ही कार्रवाई भी की जाएगी.

### सीयूजे की छात्रा का जेएनसीएएसआर के पीएचडी प्रोग्राम में चयन

रांची। झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के रसायन शास्त्र विभाग की छात्रा एन. दीपा रेड्डी का चयन जवाहरलाल नेहरू सेन्टर फ़ॉर एडवांस्ड साइंटिफिक रिसर्च (जेएनसीएएसआर) बेंगलूरु के एकीकृत पीएचडी प्रोग्राम में हुआ है. जेएनसीएएसआर देश के प्रमुख शोध संस्थानों में एक है. चयनित छात्रा सीयूजे के बीएससी केमिस्ट्री विभाग के छठे सेमेस्टर की छात्रा है. दीपा रेड्डी ने अपनी इस सफलता का श्रेय विभाग से सभी प्रोफ़ेसर को देते हुए कहा कि सीयूज़े में शिक्षण एवं शोध के प्रति सकारात्मक माहौल ने उन्हें उच्च शिक्षा की ओर प्रेरित किया. इस उपलब्धि पर रसायनशास्त्र विभाग के साथ विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों ने बधाई दी.

# जिलों में बेहतर समन्वय के साथ जनहित को ध्यान में रखते हुए कार्य हों : डॉ. वीरेंद्र

संवाददाता। रांची

**खास बातें**

- स्वास्थ्य विभाग के उपनिदेशक वीरेंद्र प्रसाद ने दिया निर्देश
- कहा-इससे स्वास्थ्य सुविधा आम जनता तक पहुंच सकेगी

स्वास्थ्य विभाग के उपनिदेशक डॉ. वीरेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि जिलों में बेहतर समन्वय के साथ जनहित को ध्यान में रखते हुए कार्य हों. इससे आम जनता तक स्वास्थ्य सुविधाएं सुगमतापूर्वक पहुंच सकेंगी.

वे मंगलवार को नामकुम स्थित लोक स्वास्थ्य संस्थान (आईपीएच) में जिलों से आए स्वास्थ्य टीम को संबोधित कर रहे थे.राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की ओर से डिस्ट्रिक्ट रिसोर्स एनवेलप (डीआरई) 2024-25 के आरिएन्टेशन का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को दूसरे दिन के ओरिएंटेशन में संथाल परगना प्रमण्डल के जिलों साहेबगंज, गोड्डा, जामताड़ा और पाकुड़ के डीआरसीएचओ, डीपीएम, डीपीसी, डैम, डीडीएम, डीपीएमयू, को-आरडिनेटर, हॉस्पिटल मैनेजर, सिटी अर्बन हेल्थ मैनेजर, टीबी डीपीसी सहित जिलों में विभिन्न कोषांगों में कार्यरत कर्मियों को वित्तीय प्रबंधन की जानकारी दी गई.

स्वास्थ्य विभाग के उपनिदेशक डॉ आरएन शर्मा, डॉ लाल मांझी, जीवीआई उपाधीक्षक डॉ उमा सिन्हा सहित अन्य अधिकारियों ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया.

▼ ब्रीफ खबरें

### इस्कॉन के सत्संग में गूंजा हरेरामा हरेकृष्णा

**रांची।** विश्वनाथ अपार्टमेंट, पिस्का मोड़ का परिसर मंगलवार को हरे राम हरे कृष्णा अखंड हरि नाम संकीर्तन से गुंजायमान रहा. यहां इस्कॉन के साप्ताहिक सत्संग का इस बार भी खास आयोजन किया गया. शाम 7:00 बजे गुरु वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत हुई. साथ ही संकीर्तन किया गया. रात नौ बजे आरती के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ. अंत में अनुयायियों ने पांत में बैठकर ईश्वर का प्रसाद ग्रहण किया. अरुण देव, रंजीत, आनंद पाठक, चंदन घोष, रवि लोचन, अंशुमान, विक्रम प्रभु, ऋषभ आनंद आदि ने इसके सफल आयोजन में मुख्य योगदान दिया. अरुण देव ने तन-मन और धन से समर्पित होकर सत्संग के सफल आयोजन में योगदान देने वालों का आभार जताया.

### टिकट कालाबाजारी करनेवाला गिरफ्तार

**रांची।** आरपीएफ ने हिंदपीढ़ी पुलिस के सहयोग से स्टार साइबर कैफे नामक दुकान में रेल टिकट कालाबाजारी कारोबार का भंडाफोड़ करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने मो मिस्टर अंसारी नामक आरोपी को गिरफ्तार किया है. पुलिस के अनुसार दिगंजय शर्मा आरपीएफ पोस्ट रांची निरीक्षक के पर्यवेक्षण में आरपीएफ की अपराध शाखा ने हिंदपीढ़ी पुलिस की सहायता से स्टार साइबर कैफे में रेड की. इस दौरान टिकट की कालाबाजारी कर रहे दुकानदार अंसारी को पकड़ा गया. आरोपी के पास से 31 हजार के रेलवे का 21 ई-टिकट बरामद किया गया. इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर बरामद टिकट को ज़ब्त कर लिया गया.



# रांची में भीषण गर्मी सुख गए तालाब

मछली घर का तालाब

**सैयद रमीज जावेद। रांची**

राजधानी रांची में भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान की वजह से लोग सुबह 10 बजे से ही घरों में दुबक जा रहें हैं. गत वर्ष कम बारिश होने एवं इस समय भीषण गर्मी के कारण रांची के ज्यादातर तालाब सूख रहे, या सूख गए हैं. शहर के चुटिया, कडरू, डोरंडा के तालाब या तो सूख चुके हैं या सूखने के कगार पर है. चुटिया स्थित बानस तालाब, प्रगति पथ स्थित नायक तालाब व डोरंडा स्थित बटम तालाब तेजी से सूख रहे हैं, जबकि कडरू तालाब पूरी तरह से सूख चुका है. स्थानीय लोग तालाबों के घटते जलस्तर को देख अभी से परेशान हैं. स्थानीय लोगों के अनुसार भीषण गर्मी में तालाब पूरी तरह सूख जाते हैं और तालाब के चारों ओर कंक्रीट के कार्य कराए जाने और अधिक बोरिंग की वजह से हर वर्ष गर्मी के मौसम में तालाब सूख जाते हैं. बारिश के मौसम में भी तालाब में पानी नहीं पहुंच पाता है. शहर के तालाबों के सूख जाने से पशु-पक्षियों के लिए पानी की बड़ी किल्लत हो जाती है.



बनस तालाब चुटिया



कडरू तालाब



नायक तालाब



बटन तालाब

## जैक बोर्ड आठवीं का रिजल्ट जारी, 94.15 प्रतिशत छात्र पास

**संवाददाता। रांची**

झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) बोर्ड ने मंगलवार को आठवीं का रिजल्ट जारी कर दिया है. इस वर्ष 5,61,774 छात्रों में से कुल 5,28,962 छात्रों ने परीक्षा पास की है. इस साल का कुल पास प्रतिशत 94.15 है. जैक द्वारा जारी रिपोर्ट के मुताबिक, कुल 32,471 और 341 छात्रों को क्रमशः मार्जिनल और इन्कम्प्लीट के अंतर्गत रखा गया था. परीक्षा प्राधिकरण ने परिणामों के साथ झारखंड बोर्ड 8वीं की मार्कशीट भी जारी की गयी है.

- इस वर्ष 5,61,774 छात्रों में से कुल 5,28,962 छात्रों ने परीक्षा पास की है

आठवीं के स्टूडेंट्स को रिजल्ट न आने के कारण नौवीं में एडमिशन लेने में दिक्कत हो रही थी, जिसे बोर्ड ने सॉल्व कर दिया है. अब रिजल्ट से पहले आठवीं के स्टूडेंट्स का नामांकन नौवीं में हो रहा है. स्कूलों में छुट्टी शुरू होने से पहले आठवीं की परीक्षा दे चुके विद्यार्थियों को नौवीं कक्षा में औपबंधिक नामांकन (प्रोविजनल एडमिशन) दे दिया गया है.



### सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले टॉप घोषित किये गये पांच प्रमंडल

| | |
|---|---|
| दक्षिणी छोटानागपुर | 98.08 % |
| उत्तरी छोटानागपुर | 98.97 % |
| पलामू | 98.74 % |
| संथाल परगना | 97.67 % |
| सिंहभूम | 97.84 % |

पिछले साल झारखंड बोर्ड आठवीं में 94.94 प्रतिशत परीक्षार्थी सफल हुए थे. परीक्षा में 5,43,164 छात्र-छात्राएं शामिल हुए थे, जिनमें 5,15,688 सफल रहे थे. इस साल नौवीं में 97.85 प्रतिशत छात्र-छात्राएं और 11वीं में 98.48 फीसदी परीक्षार्थी सफल हुए हैं. इन छात्र-छात्राओं का नामांकन अब दसवीं और बारहवीं में हो सकेगा.

चैंबर की कार्यकारिणी समिति की बैठक में हुआ निर्णय

## महात्मा गांधी की प्रतिमा के स्थल का होगा सौंदर्यीकरण

**संवाददाता। रांची**

फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के कार्यकारिणी समिति की बैठक अध्यक्ष किशोर मंत्री की अध्यक्षता में मंगलवार को चैंबर भवन में हुई. चैंबर के संविधान में संशोधन के लिये संविधान संशोधन कमेटी की ओर से प्राप्त प्रस्तावों पर सदस्यों ने चर्चा की. सहमति बनाई गई कि पुनः कार्यसमिति की एक अन्य बैठक कर ईओजीएम के आयोजन का निर्णय लेंगे. रांची लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत बढ़े, इस उद्देश्य से फेडरेशन चैंबर की ओर से चलाये गये मतदाता जागरूकता अभियान के प्रयास की प्रशंसा की. चैंबर अध्यक्ष ने सभी व्यापारियों व विभिन्न संगठनों के पदधारियों को धन्यवाद दिया.

पेट्रोन मेंबर के प्राप्त सदस्यता आवेदन पर भी कार्यकारिणी समिति ने सर्वसम्मति से स्वीकृति दी. चैंबर




अध्यक्ष किशोर मंत्री ने अनिश राजगढ़िया को चैंबर के पेट्रोन सदस्य बनाये जाने पर बधाई दी. क्षेत्रीय उपाध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल ने प्रमंडलों में चैंबर का चुनाव कराने पर बल दिया. चैंबर भवन में वर्तमान लिफ्ट को रेनोवेट करने के साथ ही प्रथम तल्ल और आधार तल के पैसेज के सुंदरीकरण का भी निर्णय लिया गया. काली मंदिर चौक पर स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के स्थल का भी सुंदरीकरण का निर्णय लिया गया. चैंबर महासचिव परेश गट्टानी ने इसके लिए एक कमेटी का गठन कर, सदस्यों को एक निश्चित समयावधि में कार्य पूरा कराने की जिम्मेवारी दी है.

मौके पर उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, राहुल साबू, महासचिव परेश गट्टानी, सह सचिव शैलेष अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ज्योति कुमारी, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल, नीतिन प्रकाश, कार्यकारिणी सदस्य डॉ अभिषेक रामाधीन, नवजोत अलंग, प्रवीण लोहिया, राम बांगड, रोहित अग्रवाल, रोहित पोद्दार, साहित्य पवन, संजय अखौरी, सुनिल सरावगी, विकास विजयवर्गीय, पूर्व अध्यक्ष पवन शर्मा, विनय अग्रवाल, उप समिति चेयरमेन तुलसी पटेल, आनंद जालान, किशन अग्रवाल, मनोज मिश्रा, अल्तमस आलम, एसके अग्रवाल, अविराज अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, रमेश साहू, शषांक भारद्वाज, माला कुजूर, महेंद्र जैन, सदस्य पंकज चिरानिया शामिल थे.

### 1872 लोगों ने किया ई-सर्टिफिकेट डाउनलोड

चैंबर की आईटी उप समिति के प्रयासों से कुल 1872 लोगों ने चैंबर के पोर्टल से ई-सर्टिफिकेट डाउनलोड किये हैं, इस प्रयास के लिए कार्यसमिति ने आईटी कमेटी के चेयरमेन मनोज मिश्रा व अल्तमस आलम के कार्यों को सराहा. उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के अधिकारियों ने सदस्यों को अपने बैंक सर्विसेज की जानकारी दी.

न्यूज अपडेट ▼

### 'सुग्गा द ऑनेस्ट टैक्सी' की सेवाएं अब रांची में भी



**रांची।** कैब एग्रीगेटर कंपनी 'सुग्गा द ऑनेस्ट टैक्सी' की लॉन्चिंग मंगलवार को प्रेस क्लब, रांची में की गई. जमशेदपुर में कंपनी अपनी सेवाएं पहले से दे रही है. सर्विस का विस्तार करते हुए सुग्गा रांची में अपनी सेवाओं की शुरुआत कर रही है. रांचीवासी मिनी सेडान, ऑटो, बाइक, एसयूवी की राइड ले सकते हैं . कैब एग्रीग्रेटर के फील्ड में उपभोक्ताओं को बेहतर अनुभव और ड्राइवर को केंद्र बिंदु में रखना कंपनी का प्रमुख विजन है. कंपनी के फाउंडर व डायरेक्टर विकास सिंह, अनुराग गौतम, विशाल मिश्रा, कनाडा निवासी राजीव झा, सुमित मेहरा हैं. उक्त जानकारी कंपनी के सीईओ विशाल मिश्रा ने दी.

### नौ दिवसीय समर फुटबॉल कैंप का समापन



**रांची ।** स्टार वारियर्स फुटबॉल क्लब चरदी व एंजेल गार्डन स्कूल के तत्वावधान में नौ दिवसीय समर फुटबॉल कैंप का मंगलवार को समापन हुआ. सदमा हाई स्कूल मैदान में आयोजित कैंप में 250 से अधिक बालक व बालिकाओं ने भाग लिया. इसमें अंतरराष्ट्रीय फुटबॉलर दिव्यानी लिंडा समेत 150 लड़कियों ने आवासीय कैंप में भाग लिया. समापन समारोह में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किये गये.

### श्रीश्याम मंदिर में किया गया सुंदरकांड पाठ



**रांची।** श्रीश्याम मंदिर, हरमू रोड में मंगलवार को 103वां साप्ताहिक सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ किया गया. शाम चार बजे सुनील मोदी ने पत्नी आशा और परिवार संग पूजा-अर्चना कर हनुमान जी के दरबार में अखंड ज्योत प्रज्वलित की. भोग निवेदित कर सबकी खुशहाली की कामना की. श्रीश्याम मित्र मंडल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने पूजन-अनुष्ठान संपन्न कराया. इसके बाद श्रीगणेश वंदना से संगीतमतय पाठ प्रारंभ हुआ. पाठ वाचक मनीष सारस्वत और ओम शर्मा ने सहयोगियों के साथ सुंदर कांड मंगल भवन अमंगल हारी ... पाठ का उच्चारण कर प्रारंभ किया.

### रवैये से आहत होकर सुरेश प्रसाद ने दिया इस्तीफा

**रांची।** सोना-चांदी व्यवसायी समिति के मुख्य चुनाव पदाधिकारी सुरेश प्रसाद ने मंगलवार को इस्तीफा दे दिया. कारण बताया गया कि समिति का चुनाव 16 जून को तय था, लेकिन स्थल का चयन नहीं किया जा सका था. सोमवार को हुई बैठक में स्थल को लेकर उठे विवाद के बाद सदस्य आपस में भिड़ गये. इससे आहत हो सुरेश ने मंगलवार को त्यागपत्र दे दिया.

## समर कैंप शुरू, 140 बच्चों ने लिया भाग

**संवाददाता । रांची**

अग्रवाल सभा रांची एवं महिला समिति के सहयोग से महाराजा अग्रसेन भवन में तीन दिवसीय समर कैंप आरंभ हुआ. कैंप का उद्घाटन अग्रवाल सभा के पूर्व अध्यक्ष सह रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के महामंत्री विनोद कुमार जैन ने किया. उन्होंने महाराजा अग्रसेनजी एवं मां सरस्वतीजी की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित किया. उन्होंने अग्रवाल सभा के कार्यों को सराहा. अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया ने कहा कि विगत 21 वर्षों



से सभा की ओर से बच्चों के लिए समर कैंप किया जा रहा है. जिसमें बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए संस्कार, चित्रकला, संगीत, नृत्य, शतरंज, हस्तकला, पाक कला, जूडो कराटे, अभिनय, योग एवं वक्तृत्व कला की बेसिक जानकारी दी जाती है. बच्चों को सारी जानकारियां प्रशिक्षक देते हैं, ताकि बच्चे अपनी रुचि एवं प्रतिभा को पहचान सकें.

## गुरुद्वारा साहिब में शुरू हुआ गुरमत ट्रेनिंग कैंप

**संवाददाता रांची**

गुरुद्वारा श्रीगुरु सिंह सभा, मेन रोड में मंगलवार से गुरमत ट्रेनिंग कैंप शुरू हुआ. इसमें पांच से 15 आयुवर्ग के बच्चे धर्म की बारीकियां सीखेंगे. सुबह आठ बजे नन्हे-मुन्नों ने जपुजी साहिब पाठ और कीर्तन के साथ शिविर की शुरुआत की. गुरु ग्रंथ साहिब के श्रीचरणो में अरदास किया. इसके बाद अधीक्षक सरदार हरजीत सिंह स्विंकी के सान्निध्य में 145 बच्चों को सिख इतिहास की जानकारी दी गयी. दस्तार सजाने के साथ गतका का भी प्रशिक्षण दिया गया.



सरदार गुरचरण सिंह, बीबी सुखविंदर कौर और मेहरवान सिंह ने शाम चार बजे तक कक्षाएं ली. मौके पर महासचिव गगनदीप सिंह सेठी ने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं. अध्यक्ष गुरमीत सिंह, उपाध्यक्ष त्रिलोचन सिंह, कोषाध्यक्ष रणप्रीत सिंह, सह सचिव सुरजीत सिंह सलूजा, गुरदीप सिंह टिवाना, हरप्रीत सिंह, परमजीत सिंह भसीन, गुरविंदर सिंह सेठी भी इस मौके पर उपस्थित थे.

**सम्मेलन** दो दिवसीय सम्मेलन 'आइकॉन 24' में कैपिटल गुड्स पर होगी परिचर्चा

## रांची में पहली बार इस्पात पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन कल से

**खास बातें**

- आयोजन स्थल होगा श्यामली कालोनी का एमटीआई
- इस्पात व भारी उद्योग मंत्रालय के सचिव करेंगे उद्घाटन

**संवाददाता रांची**

मेकॉन और सेल के संयुक्त तत्वावधान में इस्पात पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (आइकॉन 24) का आयोजन किया जा रहा है. कार्यक्रम में बारे में जानकारी देने के लिए मंगलवार को मेकॉन प्रधान



कार्यालय में एक प्रेस मीट का आयोजन किया गया, जिसमें संजय कुमार वर्मा सीएमडी मेकॉन और एसकेवर्मा, कार्यकारी निदेशक सीईटी सेल ने कार्यक्रम और उद्देश्य के बारे में जानकारी दी. इस दौरान मेकॉन के निदेशकगण और मेकॉन और सेल के वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित थे.

एस.के.वर्मा ने जानकारी दी कि भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय के तत्वावधान में मेकॉन लिमिटेड, सेल के साथ मिलकर 30 और 31 मई को इस्पात पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनः पूंजीगत वस्तुओं पर ध्यान (आइकॉन 24) का आयोजन एमटीआई (प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान) श्यामली कॉलोनी में करने जा रहा है. सम्मेलन का उद्घाटन 30 मई को सुबह 10 बजे भारत सरकार के सचिव इस्पात मंत्रालय और सचिव भारी उद्योग मंत्रालय द्वारा किया जायेगा. समारोह के गणमान्य व्यक्ति, अतिरिक्त सचिव और वित्तीय सलाहकार, इस्पात मंत्रालय, संयुक्त सचिव, इस्पात मंत्रालय, सीएमडी, मेकॉन, अध्यक्ष, सेल, सीएमडी, मॉयल और सीएमडी, एनएमडीसी होंगे. सम्मेलन में निर्माता, लोहा और इस्पात उत्पादक, शिक्षा जगत के प्रतिनिधि, उपकरण आपूर्तिकर्ता, इंजीनियरिंग और परामर्श कंपनियां, प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों के प्रतिभागी और विभिन्न माध्यमिक इस्पात क्षेत्र की कंपनियों के प्रमुख भी उपस्थित रहेंगे.

सम्मेलन में मुख्य वक्ताओं, विशेषज्ञ पैनल और इंटरैक्टिव सत्रों का आयोजन किया जायेगा. सम्मेलन में भाग लेने वाले वैश्विक इस्पात बाजार परिदृश्य को आकार देने वाले नवीनतम रुझानों, चुनौतियों और अवसरों पर चर्चा करेंगे. सम्मेलन का उद्देश्य प्रचलित प्रथाओं के साथ लगभग 25 बिलियन अमेरिकी डॉलर की आयात सामग्री को कम करने के लिए आगे का रास्ता खोजना है. इसके अतिरिक्त, इसका लक्ष्य लगभग 500 मिलियन अमेरिकी डॉलर की वार्षिक (स्पेयर पार्ट्स) की खरीद को कम करने के तरीके भी खोजना है, ताकि भारत विदेश पर कम आश्रित रहे.

## आयुक्त व संयुक्त आयुक्त ने किया पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय का दौरा

**संवाददाता रांची**

केंद्रीय विद्यालय संगठन, नई दिल्ली की आयुक्त निधि पाण्डेय और संयुक्त आयुक्त अजीता लॉन्गजेम ने मंगलवार को पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, पतरातु का दौरा किया. दौरे का उद्देश्य विद्यालय के शैक्षणिक और प्रशासनिक कार्यों का निरीक्षण तथा शिक्षकों, छात्रों और कर्मचारियों के साथ संवाद स्थापित करना था. साथ ही नई शिक्षा नीति के उद्देश्यों के साथ पीएम श्री योजना के लक्ष्यों को पूर्ण करने में विद्यालय के कार्यों का अवलोकन भी था.

इस दौरान छात्रों से बातचीत कर



उनकी शैक्षणिक प्रगति और उनकी रुचि के बारे में जानकारी ली। विद्यालय के प्रशासनिक विभागों का निरीक्षण किया और कार्यालय के कर्मचारियों से उनकी कार्यप्रणालियों के बारे में चर्चा की. विद्यालय की सुविधाओं, जैसे पुस्तकालय, भौतिकी, रसायन, और जीव विज्ञान प्रयोगशालाओं कंप्यूटर लैब का निरीक्षण किया. साथ ही उन्होंने शिक्षकों और कर्मचारियों के साथ संवाद किया.

